EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

मध्यप्रदेश

MP राज्यसभा उपचुनाव: रेस में MP के ये 2 नेता, देखे नाम

प्रकाशित तिथि: 25 Oct 2026



भोपाल। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की एक रिक्त सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के इस्तीफे से खाली हुई इस सीट पर 12 नवंबर को मतदान और मतगणना होनी है। मध्य प्रदेश विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (BJP) के पास मौजूद प्रचंड बहुमत को देखते हुए इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार की जीत पूरी तरह तय मानी जा रही है। ऐसे में हर किसी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि पार्टी इस बार किस चेहरे को संसद भेजेगी।

यह सीट भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। उन्होंने 14 अक्टूबर 2026 को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस सीट का मूल कार्यकाल

2 अप्रैल 2030 तक था, यानी नए चुने जाने वाले सांसद का कार्यकाल करीब साढ़े तीन साल का होगा। राजनीतकि गलयिारों और सूत्रों के अनुसार, भाजपा इस सुरक्षति सीट के लिए अपने राष्ट्रीय समीकरणों को ध्यान में रखकर फैसला ले सकती है। यदकिेंद्रीय नेतृत्व मध्य प्रदेश के ही कसिी नेता को मौका देने का फैसला करता है, तो राज्य स्तर से पूर्व मंत्री अरवदि भदौरयिा और भाजपा के राष्ट्रीय मीडयिा समन्वयक आशीष अग्रवाल के नामों पर कयास लगाए जा रहे हैं। चर्चाओं में राष्ट्रीय और केंद्रीय चेहरे स्मृतइिरानी, वानती श्रीनविासन, हरदीप सहि पुरी एस. के. संधू का नाम भी संभावति उम्मीदवारों की सूची में गनिा जा रहा है।

उपचुनाव का पूरा शेड्यूल

भारत नर्विाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, चुनाव की प्रक्रयिा इस प्रकार रहेगी:

अधसिूचना जारी होने की तारीख: 26 अक्टूबर 2026

नामांकन दाखलि करने की आखरिी तारीख: 02 नवंबर 2026

नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी): 03 नवंबर 2026

नाम वापसी की अंतमि तथिि: 05 नवंबर 2026

मतदान और मतगणना: 12 नवंबर 2026 (सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान, शाम 5 बजे से मतगणना)

टैग: #mp news #political news #mp rajyashabha by elections #arvind bhadauriya #ashish agarwal #smriti irani